# गोवा के काजू को जीआई GI मिला

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

हाल ही में **गोवा के काजू (करनेल)** को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग मिला है, जिसे राज्य में काजू उद्योग के लिये एक महत्त्वपूर्ण अवसर और **"स्वयंपूर्ण गोवा मिशन की दिशा में एक उपलब्धि"** माना जा रहा है।

## गोवा का काजू:

- मूलतः काजू लैटिन अमेरिका में पूर्वोत्तर ब्राज़ील में पाया जाता था और **16वीं शताब्दी (1570) में इसे पुर्तगालियों** द्वारा गोवा लाया गया तथा **गोवा काजू नाम दिया गया**।
- प्रारंभ में इसका उपयोग **वनीकरण और मृदा संरक्षण** के लिये किया गया था इसके आर्थिक मूल्य के बारे में एक सदी बाद पता चला।
- काजू उत्पादन **कुटीर उद्योग से बढ़कर गोवा की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख योगदानकर्त्ता** बन गया, जिसका मुख्य कारण अमेरिका में इसकी अधिक मांग थी।



//

## काजू के संबंध में प्रमुख तथ्य:

- **परिचय:**
  - काजू भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण वृक्षारोपण फसलों में से एक है और काफी अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने में सहायक है। **गोवा राज्य में** बागवानी फसलों **में इसका क्षेत्रफल सबसे अधिक है।**
- **मृदा और जलवायु:**
  - **अच्छी जल निकास वाली गहरी बलुई दोमट मिट्टी** काजू की खेती के लिये सर्वोत्तम होती है। इसके लिये भारी चिकनी मिट्टी उपयुक्त नहीं होती, क्योंकि काजू जल जमाव को सहन नहीं कर पाता।
  - सामान्य तौर पर **रेतीली से लेकर लेटेराइट तक सभी प्रकार की मृदा इस फसल के लिये उपयुक्त** होती हैं।
- **वर्षा:**

- 60 से 95% की सापेक्ष आर्द्रता और **2000-3500 मिमी. की** वार्षिक वर्षा वाली भारतीय तटीय क्षेत्र की परिस्थितियाँ काजू उत्पादन के लिये अनुकूल हैं।

- **तापमान:**
  - काजू की खेती के लिये 20 से 38° C के बीच तापमान वाली गर्म आर्द्र परिस्थितियाँ उपयुक्त होती हैं। **अत्यधिक कम तापमान और पाला काजू** की खेती के लिये **अनुकूल नहीं** होते है।
- **प्रमुख उत्पादक राज्य:**
  - **राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार,** वर्ष **2021-2022 में महाराष्ट्र काजू का अग्रणी उत्पादक** रहा है, इसके बाद आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मेघालय, गुजरात का स्थान है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किसे 'भौगोलिक संकेतक' का दर्जा प्रदान किया गया है? (2015)**

1. बनारस के जरी वस्त्र एवं साड़ी
2. राजस्थान के दाल-बाटी-चूरमा
3. तिरुपति के लड्डू

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. भारत ने वस्तुओं के भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 को किसके दायित्वों का पालन करने के लिये अधिनियमित किया? (2018)**

(a) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(c) व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन
(d) विश्व व्यापार संगठन

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/goan-cashew-gets-gi-tag